(ख) क्या राजस्थान के लिए रेलवे ने कोयला वैगनों का कोटा निर्धारित कर रखा है ; और यदि हां, तो कितना; और

(ग) क्या गत चार महीनों से राजस्थान में कोटे के अनुसार कोयले के वैगन नहीं पहुंच रहे हैं ?

रेल मंत्री (श्री टी० ए० पाई) : (क) कोयले के अभाव के कारण राजस्थान में कोई उद्योग बन्द हो गया हो इस बारे में कोई जानकारी इस मंत्रालय में नहीं है, लेकिन राजस्थान में कोयले के संचलन के लिए माल डिब्बों की अपर्याप्त सप्लाई के सम्बन्ध में कुछ शिकायतें हुई हैं ।

(ख) विभिन्न प्रकार के कोयले के लिए राजस्थान सरकार को प्रतिमास 2,080 माल डिब्बों का कोटा दिया गया है ।

(ग) पश्चिम बंगाल क्षेत्र में बदमाशों द्वारा अपनी गतिविधियां निरंतर जारी रखने, मई और जून, 72 के महीनों में प्रचंड गर्मी की लहर के कारण बड़े पैमाने पर कर्मचारियों के अनुपस्थित होने, बिजली सप्लाई व्यवस्था बार-बार खराब हो जाने के कारण रेल परिचालन पर बुरा प्रभाव पड़ने और कलकत्ता क्षेत्र में बहुत कम संख्या में लदे माल डिब्बों खाली किये जाने जैसी विभिन्न कठिनाइयों के कारण लदान कम होने के फलस्वरूप राजस्थान को कोयले का संचलन कोटा के अनुरूप नहीं रहा है ।

फिर भी, बंगाल और बिहार कोयला क्षेत्रों से कोयले के संचलन में वृद्धि के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं और जुलाई, 72 से इसमें कुछ सुधार हुआ है ।

देश में सिंचाई सुविधाएं देने के सम्बंध में केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना

3895. **श्री श्रीकृष्ण अग्रवाल** : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1972-73 के दौरान सारे देश में सिंचाई सुविधाएं देने के सम्बंध में केन्द्र द्वारा प्रायोजित कोई योजना है ;

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसी योजना मध्य प्रदेश में रायपुर तथा उससे सम्बद्ध पिछड़े क्षेत्रों के लिए भी थे; और

(ग) उक्त योजना को कब तक कार्य रूप दे दिया जायेगा ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) : (क) सिंचाई एक राज्य-विषय है और कोई केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रम नहीं है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Fresh recruitment for Calcutta Tube Railway Project

3896. SHRI SAMAR GUHA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 277 on the 1st August, 1972 regarding the Annual expenses on Calcutta Tube Railway Project and state:

(a) whether fresh recruitment will be made with an object to relieve acute unemployment problem of West Bengal;

(b) if so, whether any scheme has been drawn for the purpose; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI T. A. PAI): (a) to (c). So far as the unemployment problem is concerned all the three methods mentioned below are effective:—

(1) Filling up the vacancies on the Project by surplus staff in the region.

(2) Drawing regular experienced staff from Railways in the region for vacancies on the Project and filling up the resultant vacancies on the Railways by direct recruitment.

(3) Making fresh recruitment for the Project.

The scheme actually in force is to prefer (1) and (2) above.